**मामले निपटे** नेशनल लोक अदालत में न्यायाधीश ने कहा- पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं को समझे

# 6 दम्पतियों को दी समझाइश, भूले गिले-शिकवे



**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** नेशनल लोक अदालत में मध्यस्थता और आपसी राजीनामा के आधार पर पारिवारिक विवादों के 7 प्रमुख प्रकरणों का शांतिपूर्ण निराकरण किया गया। इस दौरान 6 दम्पतियां आपसी गिले-शिकवे भुलाकर पुन: एक साथ दाम्पत्य जीवन जीने के लिए तैयार हुए।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर, माया विश्वलाल के मार्गदर्शन में जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर सहित तहसील सिविल न्यायालय कोतमा, राजेन्द्रग्राम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ न्यायाधीश माया विश्वलाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

### दम्पतियों में बनीं आपसी सहमति

लोक अदालत में प्रस्तुत प्रकरणों में सोनू राठौर बनाम दुर्गा राठौर, अजय महरा बनाम दुर्गा महरा, मीरा कोल बनाम देवशरण कोल, रीना राठौर बनाम जितेन्द्र राठौर, चंदा चौधरी बनाम विनोद मालवी, सुषमा चौधरी बनाम निलेश चौधरी जैसे मामलों में आपसी सहमति और न्यायालय की समझाईश के बाद दम्पति पुन: एक साथ रहने के लिए राजी हुए।

### विवाह विखंडन का समाज में अच्छा स्थान नहीं

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल ने इस अवसर पर कहा कि विवाह विखंडन का समाज में अच्छा स्थान नहीं है। यह एक सभ्य समाज के सृजन में कभी भी सहयोगी या परिणामिक नहीं हो सकता। विवाह एक अमिट बंधन है, जिसका सम्मान करते हुए पति-पत्नी को एक-दूसरे की भावनाओं को समझना चाहिए और दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जीवन में छोटे-छोटे विवादों को लेकर विवाह जैसे पवित्र बंधन को समाप्त करना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है। दाम्पत्य जीवन आपसी सम्मान, विश्वास और समझदारी पर आधारित होता है, और इसी से परिवार एवं समाज में सुख-शांति संभव है।

### 7 साल पुराने पगडंडी विवाद का हुआ समाधान

गांव की एक पगडंडी को लेकर पिछले 7 साल से चल रहा विवाद आखिरकार लोक अदालत में सुलझ गया। दो परिवारों के बीच रास्ते के उपयोग को लेकर लगातार मनमुटाव था, जिसमें किसने कंकड़ डाले, किसने मिट्टी हटाई और रास्ता किसके दरवाज़े के सामने मुड़ा, जैसे सवालों पर एफआईआर से लेकर कोर्ट की तारीखें तक लग चुकी थीं। यह मामला इस वर्ष गणेश उत्सव के दौरान कोतमा तहसील के हरद ग्राम से लोक अदालत में पहुंचा, जहां कोतमा न्यायालय के न्यायाधीश अमनदीप सिंह छाबड़ा ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर केवल कानून नहीं, बल्कि गांव के रिश्तों की अहमियत समझाई। इसके बाद समस्या का समाधान हुआ।





# सड़क पर फैले अतिक्रमण हटाए गए

**नगर पालिका परिषद कोतमा ने की कार्रवाई**

**कोतमा नवभारत 13 सितंबर।** नगर पालिका परिषद कोतमा द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने एवं आम नागरिकों को सुगम आवाजाही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया।

दरअसल, कोतमा नगर की मुख्य एवं आंतरिक सड़कों पर अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़े किए जाने तथा वाहन मालिकों द्वारा जगह-जगह पार्किंग करने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही कई दुकानदार भी सड़क पर सामान रखकर और फ्लैक्स बोर्ड लगाकर अतिक्रमण कर रहे थे, जिससे सड़कें सकरी हो जाती हैं और आवागमन में बाधा उत्पन्न होती है।

### हर 15 दिन में की जाएगी कार्यवाही : सराफ

इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए अजय सराफ अध्यक्ष नगर पालिका परिषद के निर्देश पर नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी ने कार्यवाही की और सड़कों से अतिक्रमण हटाया। अजय सराफ परिषद अध्यक्ष ने बताया कि आगामी त्यौहारों को देखते हुए हर 15 दिन में इस प्रकार की कार्यवाही लगातार की जाएगी, ताकि नगर में स्वच्छ एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनी रहे। स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस पहल की सराहना की और उम्मीद जताई कि नियमित कार्रवाई से यातायात में आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान होगा।

# एकजुटता में हैं संगठन की ताकत : श्रीवास्तव

**भारतीय मजदूर संघ एसईसीएल हसदेव क्षेत्र की द्विवर्षीय आमसभा आयोजित**



**राजनगर, नवभारत 13 सितंबर।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) एसईसीएल हसदेव क्षेत्र की द्विवर्षीय आमसभा मधुबन क्लब परिसर में आयोजित की गई। आमसभा में विभिन्न खदानों एवं परियोजनाओं के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संगठन की दो वर्षीय गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें कार्यस्थल पर सुरक्षा, वेतन समझौता, चिकित्सा सुविधाओं में सुधार, कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा सहायता और महिला कर्मचारियों की सहभागिता बढ़ाने जैसी उपलब्धियों का उल्लेख किया गया।

### महामंत्री ने कार्ययोजना साझा की

इस अवसर पर अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के अधिकारों की रक्षा, सम्मान सुनिश्चित करना और कार्यस्थल को सुरक्षित एवं न्यायपूर्ण बनाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संगठन की ताकत आपसी सहयोग और एकजुटता से ही बढ़ेगी। महामंत्री दिलीप त्रिपाठी ने आगामी कार्ययोजना साझा करते हुए बताया कि प्रबंधन से संवाद बढ़ाकर लंबित मांगों पर ठोस पहल की जाएगी तथा संगठन का विस्तार करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। संचालन अशोक माली ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष गजार्दन सिंह, उपाध्यक्ष धीरेंद्र दुबे, अजय कुमार, रमेश मिश्रा, सुधा शर्मा, कपिल देव, सी. सिंह, अविनाश कुमारी भारती, राम अवतार यादव, रजत श्रीवास्तव, राजेश, पवन कुमार सिंह, दीपक मौर्य, जितेंद्र, संतोष मिश्रा, गोपाल रावत, मनोज श्रीवास्तव, मृत्युंजय चौबे, सत्यवीर सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### आरके विद्यालय ने हासिल किया तीसरा स्थान

**बिजुरी, नवभारत 13 सितंबर।** सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वॉलीबॉल स्पर्धा (19 वर्ष से कम आयु वर्ग) में रामकृष्ण विवेकानंद विद्यापीठ, कपिलधारा बिजुरी की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया।

वाराणसी में आयोजित इस प्रतियोगिता में आरकेवीवी की बालिका टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने पूल के सभी पाँच मैच जीतकर टॉप किया। इस दौरान टीम ने डीएवी पब्लिक स्कूल लुधियाना, तक्षशिला पब्लिक स्कूल मेरठ, आर्मी पब्लिक स्कूल नई दिल्ली, श्री अयप्पा स्कूल बोकारो (झारखंड) और केरल की चिन्मय विद्यालय टीम को हराया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में टीम ने लखनऊ (उत्तर प्रदेश) की टीम को मात दी और सेमीफाइनल तक का शानदार सफर तय किया।

# मांस की दुकानों से राहगीर हो रहे परेशान



**इस्लाम गंज-कलमुड़ी मार्ग में संचालित दुकानों को अन्यत्र ले जाने की मांग**

**कोतमा नवभारत 13 सितंबर।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत इसलामगंज से कलमुड़ी एक मुख्य मार्ग में रोड से सटाकर मटन और चिकन की दुकानें संचालित हो रही है, जिससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

महाराजा मार्तण्ड महाविद्यालय, तहसील, कोर्ट, जनपद कार्यालय में पदस्थ एवं वहां अपने काम के सिलसिले में सैकड़ों लोगों का आना जाना होता, जिसमें महाविद्यालय के छात्र, प्रोफ़ेसर, अधिकारी, कर्मचारी, एवं अन्य महिला-पुरुष शामिल है। यहां से गुजरने वाले लोगों ने बताया कि कई बार अपनी आँखों के सामने खून से सने जानवर को देखना पड़ जाता है, क्योंकि दुकानदारों द्वारा न परदे लगाए गए है और न ही कोई ढंकने की व्यवस्था की गई है।

### चिकन बिरियानी की गंध से ब्राह्मण असहज

रवि मिश्रा द्वारा बताया गया कि मेरा रोज का आना जाना इस मार्ग से होता है, लेकिन शाम के समय घर वापस जाते समय जैसे कि सब्जियों में छौंका मारा जाता है और उसकी खुशबू चारों तरफ बिखर जाती है, इसी तरह से मीट दुकानदारों द्वारा मीट पकाने के दौरान उठी गंध से ऐसा लगता है कि पूरी आत्मा अपवित्र हो गई हो। इसके बाद घर जाकर खाना खाने की भी इच्छा नहीं होती।

### मुख्य मार्ग पर ऐसी दुकानें न हो : गुप्ता

कपड़े के व्यापारी गुप्ता द्वारा बताया गया कि इस मार्ग से अपनी स्कूटी लेकर में गुजर रहा था तभी कौवा अपने मुंह में दबाये मुर्गी के कुछ पंख को ले जाते समय अचानक मेरी गाड़ी से टकराया और पूरी गाड़ी में खून से भरे मुर्गी के पंख चिपक गए। मैं समस्त लोगों से निवेदन करता हूं कि कम से कम मुख्य मार्ग में इस तरह की दुकान नहीं खोली जाये। इन्हें थोड़ा पीछे तरफ या आड़ बनाकर संचालित किया जाये। हम किसी की रोजी रोटी का विरोध नहीं करते, लेकिन जो लोग मांस नहीं खाते उनकी भावनाओं का भी ख्याल रखा जाये।


## एक नजर में

### 72 वाहन चालकों पर की गई कार्यवाही



**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु यातायात पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान 72 वाहन चालकों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्यवाही की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए 2 ट्रक जब्त किए गए। इस कार्रवाई में कुल 31 हजार का चालान भी वसूला गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यातायात नियमों का पालन सभी के लिए अनिवार्य है और सड़क हादसों पर अंकुश लगाने हेतु इस प्रकार की कार्यवाहियां लगातार जारी रहेंगी। यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें, शराब पीकर वाहन न चलाएँ तथा यातायात नियमों का पालन करें।

### 12 किलो गांजा जब्त, 2 गिरफ्तार



**राजनगर, नवभारत 13 सितंबर।** जैतहरी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी पर कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12.285 किलोग्राम गांजा तथा एक मोटरसाईकिल जब्त की है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 84 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति ग्राम खालबहरा खोराबाबा जंगल के रास्ते किनारे बिना नंबर की बाइक खड़ी कर गांजा लेकर ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम धीरपाल सिंह गोंड़ एवं बिहारीलाल उर्फ गुड्डा गुप्ता बताया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### पुलिस ने बालक को परिजनों से मिलाया

**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** कोतवाली पुलिस ने तत्परता और सोशल मीडिया के माध्यम से प्रयास करते हुए बस स्टैण्ड पर भटकते मिले 11 वर्षीय नाबालिग बालक को सुरक्षित उसके परिजनों से मिलवाने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में यह कार्यवाही की गई। शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे ड्यूटी पर तैनात आरक्षक प्रकाश तिवारी को बस स्टैण्ड पर एक नाबालिग बालक भटकते हुए मिला। पूछताछ में बच्चे ने अपना नाम तुषार यादव निवासी सूरजपुर, छत्तीसगढ़ बताया, लेकिन वह अपने माता-पिता का नाम नहीं बता पाया। कोतवाली निरीक्षक अरविन्द जैन ने तुरंत बच्चे की तस्वीर और जानकारी सोशल मीडिया पर प्रसारित कर परिजनों की तलाश शुरू कराई। कुछ ही घंटों में संदेश वायरल होकर सूरजपुर जिले के ग्राम गिरवरगंज तक पहुंचा और बच्चे की पहचान हो गई। इसके बाद बालक की मां पार्वती यादव अपने परिजनों के साथ थाना पहुंचीं और बच्चे को सुरक्षित सुपुर्द लिया।

# देव दीपोत्सव पर्व मनाने की तैयारी जोरों पर

**पीडब्ल्यूडी मंत्री एवं वन राज्य मंत्री को किया गया आमंत्रित**





**अमरकंटक, नवभारत 13 सितंबर।** संत मंडल समाज द्वारा इस वर्ष देव दीपोत्सव पर्व मनाने की तैयारी जोरों पर है। इस संबंध में बैठकों का दौर जारी है।

दीपावली के बाद पड़ने वाली देव उठनी एकादशी पर्व के आयोजन को और प्रभावशाली बनाने हेतु संतों ने अमरकंटक पधारे मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री (पीडब्ल्यूडी) मंत्री राकेश सिंह एवं मध्य प्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण तथा अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार को संतो ने विशेष आमंत्रण पत्र सौंपकर इस पावन अवसर पर उपस्थित होने का अनुरोध किया।

### धार्मिक ऊर्जा का प्रसार करना है उद्देश्य : महंत

अमरकंटक संत मंडल समाज के अध्यक्ष महंत स्वामी रामभूषण दास महाराज एवं सचिव स्वामी लवलीन बाबा महाराज ने बताया कि इस उत्सव का उद्देश्य आध्यात्मिक व धार्मिक ऊर्जा का प्रसार करना है। आमंत्रण देते समय मुख्य रूप से संत स्वामी नर्मदा नंद गिरी महाराज, स्वामी धर्मानंद महाराज, स्वामी जगदीशानंद महाराज, स्वामी अखिलेश्वर दास, राजेश आजाद महाराज आदि उपस्थित रहे।

### पिछले वर्ष 11000 दीपों से घाटों को सजाया गया था

पिछले वर्ष आयोजित देव दीपोत्सव पर्व कार्यक्रम में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में 11,000 दीपों से रामघाट के उत्तर व दक्षिण तट के घाटों को सजाया गया था। भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम और रंग-बिरंगी लाइटों से रामघाट का दृश्य भक्तों के लिए अत्यंत आकर्षण का केंद्र बना था। इस वर्ष संत समाज ने संकल्प लिया है कि 51,000 दीप जलाकर दीपोत्सव की उत्सुकता और भव्यता से यह पर्व मनाया जाएगा। सभी आयोजनों में धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता का समावेश रहेगा, जिससे माँ नर्मदा के तट पर अत्यंत हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव का वातावरण निर्मित होगा।

# अमेरिकी उत्पादों का करें बहिष्कार : मिश्र

**स्वदेशी अपनाना ही राष्ट्रहित, आत्मनिर्भर भारत की असली राह**



**अनूपपुर, नवभारत 13 सितंबर।** भारतीय गणवार्ता पार्टी (भगवा) के जिला अध्यक्ष कन्हैयालाल मिश्र ने अमेरिकी उत्पादों के बहिष्कार की जोरदार अपील की है। उन्होंने कहा कि अमेरिका लगातार भारतीय उत्पादों पर ऊंचे टैरिफ (शुल्क) लगाकर भारतीय अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचा रहा है और किसानों व उद्योगपतियों की मेहनत को हाशिए पर धकेल रहा है। मिश्र ने कहा कि भारत में पेप्सी, कोका-कोला, लेज, कोलगेट, अमेजन, मैकडोनाल्ड्स, नाइकी, एप्पल, केएफसी जैसे विदेशी ब्रांड बिना रोक-टोक बेचे जाते हैं, जबकि भारतीय सामानों पर अमेरिका ऊँचे आयात शुल्क लगाकर रोक लगाता है। यह स्थिति स्वदेशी कंपनियों को कमजोर करती है और आत्मनिर्भर भारत की राह कठिन बनाती है।

### स्वदेशी उत्पादों को दें प्राथमिकता

उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिकी कंपनियां भारत से हर साल अरबों रुपये का मुनाफा कमाकर बाहर ले जाती हैं, लेकिन भारतीय उत्पादों को अपने देश में प्रवेश तक नहीं देतीं। इसे उन्होंने व्यापार में असमानता और भारतीय जनता के साथ अन्याय करार दिया। युवाओं और किसानों से आह्वान करते हुए मिश्र ने कहा कि वे स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह केवल राजनीतिक अभियान नहीं बल्कि राष्ट्रहित का प्रश्न है, जिसमें हर नागरिक की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

### विद्यालय को दिए गए 5 बेंच और टेबल



**राजनगर, नवभारत 13 सितंबर।** श्रद्धा महिला मंडल एसईसीएल बिलासपुर के मार्गदर्शन में जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय सरगुजिहा दफाई, पौराधार एवं आंगनबाड़ी केंद्र में संपन्न हुआ।

समिति की अध्यक्षा विनीता शर्मा के नेतृत्व में विद्यालय को 5 टेबल और 5 बेंच प्रदान किए गए, जिससे बच्चों के बैठने और अध्ययन की सुविधा बेहतर हुई। साथ ही विद्यार्थियों को लंच पैकेट वितरित किए गए, जिससे उनके उत्साह और सहभागिता में वृद्धि हुई।

**बैठक** मुड़धोवा समीक्षा बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

# प्राथमिक का माध्यमिक विद्यालय में किया जाए उन्नयन



**अनूपपुर, नवभारत।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह ने शनिवार को जैतहरी जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़धोवा का दौरा कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया और समीक्षा बैठक आयोजित की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए तत्काल निर्देश दिए।

बैठक में ग्रामीणों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे अध्यक्ष के समक्ष रखे। इनमें कैलाश घाट से बंजारटोला तक ग्रेवल मार्ग निर्माण, ग्राम बंजारटोला में विद्युतीकरण, ग्राम मुड़धोवा में कोमल यादव के घर से स्कूल तक पीसीसी रोड निर्माण, सुधा द्विवेदी के घर से मेन रोड तक पीसीसी रोड, हरिजन मोहल्ले में पीसीसी रोड, ब्राह्मण मोहल्ले में सांस्कृतिक मंच निर्माण, नल-जल योजना की पानी टंकी की मरम्मत एवं प्राथमिक विद्यालय मुड़धोवा को माध्यमिक विद्यालय में उन्नयन जैसी मांगे प्रमुख रहीं।

### समस्याओं का निराकरण करने के दिए निर्देश

जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत संज्ञान लेने और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की मांगों और शिकायतों का त्वरित समाधान ही मेरी प्राथमिकता है। ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तभी संभव है जब हम जनता की समस्याओं को प्रत्यक्ष सुनकर उनके निराकरण की दिशा में ठोस कदम उठाएं।

### सीधे संवाद से विकास कार्यों को मिलेगी गति

बैठक में जनपद अनूपपुर सीईओ रवि ग्वाल, समाजसेवी एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राव, कांग्रेस नेता नरेन्द्र सिंह, सरपंच मान कुमारी सिंह, सचिव राजूराम जोशी, देवगवां सरपंच किरण सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने जिला पंचायत अध्यक्ष के इस दौरे को सराहते हुए कहा कि उनके सीधे संवाद से विकास कार्यों की गति बढ़ेगी और समस्याओं के समाधान की राह आसान होगी।